>

Title: Need to provide power connections to farmers in areas included in dark zones in Sabarkantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

**श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा):** मेरे संसदीय क्षेत्र साबरकांठा के अधिकतर लोग कृषि व्यवसाय एवं पशुपालन क्षेत्र में कार्यरत हैं और अपने खेतों को समय पर पानी देने के लिए वह अधिकांश रूप से बरसात के पानी पर निर्भर हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र के कई ब्लाकों को डार्क जोन घोषित किया गया है जिसके कारण यहां के किसान अपने खेतों पर ट्यूबवेल लगाने के लिए बिजली का कनेक्शन प्राप्त नहीं कर पाते हैं क्योंकि डार्क जोन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बिजली कनेक्शन दिए जाने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। दूसरी ओर, उद्योगों को ट्यूबवेल लगाने के लिए उन्हें बिजली का कनेक्शन 24 घंटे में मिल जाता है परंतु किसानों पर ट्यूबवेल लगाने पर प्रतिबंध है। जिसके कारण किसान खेती का कारोबार छोड़कर शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र के ईडर ब्लाक के पश्चिम हिस्से में पानी की कमी है और इसी ब्लाक के पूर्वी हिस्सों में जहां पर पानी पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है वहां पर भी डार्क जोन घोषित कर रखा है, जो पूर्व क्षेत्र में रहने वाले किसानों के साथ अन्याय है। पांच साल में एक बार भूमि जल का सर्वे होता है परंतु मेरे संसदीय क्षेत्र में पांच साल होने के बाद दूसरा सर्वे नहीं हुआ है जिसके कारण पहले सर्वे में मेरे संसदीय क्षेत्र के जिन ब्लाकों में पानी नहीं था आज वहां पर पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है। नया सर्वे करवाकर जिन स्थानों पर पानी उपलब्ध है वहां पर डार्क जोन को समाप्त किया जाए और जिन जगहों पर पानी कम है वहां पर अन्य स्थानों से पानी लाया जाए और किसानों को सिंचाई के लिए पानी दिया जाए। ड्रिप सिंचाई क्षेत्र में राजसहायता को 80 प्रतिशत तक बढ़ाया जाए और किसानों को जल्द सिंगल फेस का बिजली कनेक्शन ट्यूबवेल चलाने हेतु दिया जाए।

सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र साबरकांठा में भौगोलिक स्तर पर डार्क जोन स्थापित किया जाए न कि पूरे ब्लाक स्तर पर एवं नया सर्वे करवाकर जिन स्थानों पर पर्याप्त पानी है वहां डार्क जोन को समाप्त किया जाए।